मेडिकल छात्र स्वस्थ एवं निरोगी भारत के निर्माण में अपना योगदान दें: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत के युवा नये एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करें: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइन्सेज एण्ड टेक्नॉलोजी के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित किया।

...

जयपुर; 12 नवम्बर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइन्सेज एण्ड टेक्नॉलोजी के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने सभी छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा की चिकित्सा क्षेत्र के अंदर योग्यता के साथ साथ मानवीय संवेदना का दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसीलिए यह आवश्यक है कि सभी मेडिकल छात्र मानवीय संवेदना की दृष्टि से अपने कार्य करें।

श्री बिरला ने याद दिलाया कि मेडिकल साइंस में पिछले दशकों में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं। नई रिसर्च और इनोवेशन के आधार पर नई तकनीक ने चिकित्सा के क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है। वैश्विक महामारी कोरोना का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि संक्रमण के दौरान सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने सामूहिक संकल्प के साथ संघर्ष किया एवं सफलता प्राप्त की।

चिकित्सा क्षेत्र में नई खोजों को अपनाने पर बल देते हुए श्री बिरला ने कहा कि आधुनिक विज्ञान और इनोवैशन को अपनाते हुए देश को आगे बढ़ना होगा। भारत की युवा शक्ति के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि भारतीय डॉक्टर अपनी क्षमता के कारण भारत ही नहीं विदेशों में भी जाने जाते हैं।

देश में हेल्थ सेक्टर को मजबूत बनाने के विषय में श्री बिरला ने कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र दोनों मिलकर हेल्थ केयर एवं रिसर्च इनोवेशन में समर्पित रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने महात्मा गाँधी यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज की सराहना करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि आने वाले समय में जयपुर और राजस्थान देश में एक प्रमुख मेडिकल हब के रूप में विकसित हो।

अंत में सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए श्री बिरला ने कहा कि सभी छात्र मानवता और राष्ट्र की सेवा की भावना से स्वस्थ एवं निरोगी भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए आह्वान का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत के युवा नये एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करें और भारत को विकसित राष्ट्र बनाए।

इस अवसर पर श्री बिरला ने महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइन्सेज एण्ड टेक्नॉलोजी के इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन एंड रिसर्च इन मेडिसिन' का शिलान्यास भी किया ।